कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com
Website: www.govtgirlspgcollegedurg.ac.in
College Code : 1602

दुर्ग, दिनांक : 24.02.2026

/प्रेस विज्ञप्ति/

कन्या महाविद्यालय में

संकाय उन्नयन कार्यक्रम (पंचम दिवस)

शासकीय डॉ0 वा0 वा0 पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग में फैकल्टी डेव्लपमेंट प्रोग्राम का पंचम दिवस प्राचार्य डॉ0 रंजना श्रीवास्तव के कुशल मार्गदर्शन में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर प्राचार्य ने कहा कि महाविद्यालयन में निर्मित दृष्टिकोण आगे चलकर सामाजिक संरचना को प्रभावित करता है, इसलिए इन संस्थाओं द्वारा लैंगिक पूर्वाग्रह दूर करने का प्रयास आवश्यक है। मुख्य वक्ता डॉ0 उषाकिरण अग्रवाल, प्राचार्य शासकीय चंदूलाल चंद्राकर महाविद्यालय, धमधा ने कहा कि उच्च शिक्षण संस्थानों में लैगिंक भूमिका, रुढियां एवं पूर्वाग्रह पर व्याख्यान देते हुए कहा- कि उच्च शिक्षा में लैंगिक पूर्वाग्रह और रुढ़ियों का स्वरूप समझाते हुए उनके कारणों एवं निदान पर प्रकाश डाला, और कहा कि सामाजिक न्याय व गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा समाज की अनिवार्य आवश्यकता है इसलिए संस्थानों को लैंगिक पूर्वाग्रहों को समाप्त करने के लिए गंभीर प्रयास करने चाहिए। सुश्री श्वेता राजमणि, पुलिस उप-महानिरीक्षक ने 'मिशन शक्ति' के संदर्भ में जानकारी देते हुए बताया कि यह भारत सरकार की ऐसी योजना है जिसमें महिलाओं की सुरक्षा, संरक्षण और सशक्तिकरण सुनिश्चित किया जाता हैं। इसे महिला एवं बाल विकास, मंत्रालय द्वारा लागू किया जाता है, इसके अंतर्गत महिलाओं को सुरक्षा व संरक्षण देकर समर्थ बनाया जाता है, इसमें वन स्टॉप सेंटर, महिला हेल्पलाइन 181, बेढी पढ़ाओ-बेटी बचाओ योजना तथा सशक्तिकरण के लिए कौशल विकास कार्यक्रम चलाए जाते हैं, जिससे महिलाएँ आत्म निर्भर होती है। इस अवसर पर वनस्पति विज्ञान की कु0 तान्या हलधर के नेतृत्व में छात्राओं द्वारा 'जीवन का फर्क' नाटक की प्रस्तुति दी गई। मनोविज्ञान, गृहविज्ञान, रसायनशास्त्र विभाग द्वारा प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की संयोजक डॉ0 रेशमा लाकेश ने कहा कि छात्रों में लैंगिक समानता की समक्ष निर्माण करना एक जिम्मेदारी है। यह छात्राओं के व्यक्तित्व विकास के लिए व समाज में सकारात्मक परिवर्तन के लिए ऐसे कार्यक्रम आवश्यक है। कार्यक्रम का संचालन श्री दीपक ठाकुर एवं आभार प्रदर्शन डॉ0 सुषमा यादव द्वारा दिया गया।

टीप – छात्रहित में प्रकाशन हेतु निवेदित।

(डॉ0 रंजना श्रीवास्तव)
प्राचार्य
शास0 डॉ0 वा0 वा0 पाटणकर कन्या
स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग (छ0ग0)

GPS Map Camera
Titurdiha, Chhattisgarh, India
Durg, 57qw+3vh, 5 Banglows, Titurdiha,
Chhattisgarh 491001, India
Lat 21.187618° Long 81.297257°
Monday, 23/02/2026 12:59 PM GMT +05:30
Google

Girls' PG College
IQAC
NATIONAL
ON
2026 to 24 February 2026
GPS Map Camera
Titurdiha, Chhattisgarh, India
Durg, 57qw+3vh, 5 Banglows, Titurdiha,
Chhattisgarh 491001, India
Lat 21.187593° Long 81.297295°
Monday, 23/02/2026 12:55 PM GMT +05:30
Google